Meri Mati Mera Desh Essay in Hindi

प्रस्तावना

देश में अपने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं। इसी उपलक्ष में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू किया गया है यह अभियान स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए वीर वीरांगनाओं के लिए है। भारत की आजादी में ऐसे कई लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिनके बारे में हम जानते नहीं। स्वतंत्रता की लड़ाई में लाखों वीर वीरांगनाओं ने अपनी जान की आहुति दी है अब यह हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उन्हें उनके बलिदान के लिए सम्मानित करें। हमें अपने प्रत्येक स्वतंत्रा सेनानी की शहादत को याद करते हुए स्वतंत्रता का जश्न मनाना चाहिए। यह कार्यक्रम सभी देशवासियों को पंचप्राण के बारे में बताएगा।

'मेरी माटी मेरा देश' अभियान क्या है? (Meri Mati Mera Desh Abhiyan Kya Hai?)

'मेरी माटी मेरा देश' एक राष्ट्रीय अभियान है, जिसे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 8 अगस्त 2023 को शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 9 अगस्त से की जाएगी और इस कार्यक्रम का समापन 30 अगस्त को होगा। इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान दिलाने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भारत के कोने-कोने से मिट्टी लाकर कलश यात्रा के माध्यम से उन्हें दिल्ली के करता पथ पर लाया जाएगा। इस कार्यक्रम का समापन 30 अगस्त को किया जाएगा। समापन के वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश के कोने-कोने से लाई गई मिट्टी का उपयोग अमृत वाटिका उद्यान को विकसित करने के लिए किया जाएगा।

'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का महत्व

सभी भारत वासियों के लिए यह कार्यक्रम काफी महत्व रखता है जिस तरह से हम पिछले 75 सालों से अपनी आजादी के जश्न को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते आ रहे हैं उसी तरह इस अभियान को भी हम एक राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाना है। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान देश के नागरिकों को उन स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में बताया जो भारत की आजादी के लड़ाई में शहीद होने के बाद गुमनाम रह गए। स्वतंत्रता की लड़ाई में सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित श्रद्धांजलि प्राप्त हुई लेकिन कुछ स्वतंत्रता सेनानी इन दोनों चीजों से वंचित रह गए । यह कार्यक्रम सभी भारत वासियों के मन

में उन स्वतंत्र सेनानियों के प्रति सम्मान जगाएगा और देश के युवाओं के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करेगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में एक नए युग की शुरुआत करना है, और स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए गुमनाम नायको एवं शहीदों को श्रद्धांजलि देना है। 'मेरी माटी मेरा देश' एक राष्ट्रव्यापी अभियान होने के साथ-साथ प्रधानमंत्री के पंचप्राण के प्रति जनता को जागरुक कर अमृत काल के लिए तैयार करना है। इस कार्यक्रम में देश के कोने कोने से युवाओं द्वारा भाग लिया जाएगा। युवाओं द्वारा स्वतंत्रता प्रेमियों के लिए श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के समापन का भी प्रतीक बनेगा।

'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के पंच प्राण

15 अगस्त 2022 को प्रधानमंत्री जी ने स्वतंत्र दिवस मनाते हैं। समय भारत को अगले 25 वर्षों में एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 5 प्राण लिए थे जो इस प्रकार है

- गुलामी के सभी निशान को मिटा देंगे।
- विकसित भारत के बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़े।
- भारत की विरासत पर गर्व करें
- एकता की ताकत
- प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित नागरिकों के कर्तव्य

निष्कर्ष : 15 अगस्त के दिन हम सभी भारतीय अपनी आजादी का जश्न मनाते हैं। इस दिन हम अपने सभी स्वतंत्रता सेनानियों को उनकी शहादत के लिए याद करते हैं। देश की राजधानी में झंडा वंदन किया जाता है, और कर्तव्य पथ पर भारतीय सेना द्वारा परेड आयोजित की जाती है। लेकिन इस बार आजादी का जश्न कुछ अलग तरीके से मनाया जाएगा इस बार भारत के कोने-कोने से 7500 कलसो में मिट्टी लाकर कलश यात्रा निकाली जाएगी। देश के अलग-अलग हिस्सों में शहीदों को सम्मान देने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आजादी के वर्ष पूरे होने की खुशी को इस बार शहीदों के लिए स्मारक पट्टी बनाकर मनाया जाएगा।

Download All Type PDF: https://pdfseva.com/